दिन– शनिवार दिनांक– 29 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिया गया फैसला।

02. पटना की सीबीआई विशेष अदालत ने नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामलें में तीन आरोपियों को पाँच दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने की अनुमति दी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मन की बात की ये पहली कड़ी होगी।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। किशनगंज, अररिया और सुपौल समेत कई स्थानों पर हो रही है बारिश।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। जदयू की दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव पेश किया। जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया।

———————————————————————————

दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने बैठक में लिये गए अन्य फैसले की भी जानकारी दी।

———के.सी. त्यागी–38——

———————————————————————————

जनता दल यूनाइटेड के नव निर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसके लिए वे कृतज्ञता

व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि आने वाले समयृ में पार्टी को और भी मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

———संजय झा———

———————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने कहा है कि जदयू के मजबूत होने से एनडीए मजबूत हो रहा है। श्री हुसैन ने पटना में संवाददाताओ से बातचीत करते हुए जदयू को शुभकामनाएं दी और कहा कि भाजपा और जदयू के रिश्तें इस समय सबसे अच्छे दौर में है।

———शहनवाज———

———————————————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार के विभिन्न भागों में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां खोली जायेंगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि राज्य में आम, लीची, मखाना और मक्का से संबंधित उद्योगों के विकास की बड़ी संभावना है। उन्होंने कहा कि नये उद्योगों की स्थापना से राज्य का राजस्व बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी बढेंगे। इससे पहले आज पटना पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

———चिराग—52——

———————————————————————————————

पटना की सीबीआई विशेष अदालत ने नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामलें में तीन आरोपियों को पाँच दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने की अनुमति दी है। अदालत ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल अहसानउल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार कमालुद्दीन को पाँच दिनों की सीबीआई रिमांड की

अनुमति दी है। नीट परीक्षा में गड़बड़ी मामले के इन तीनों आरोपियों को केन्द्रीय जाँच एजेंसी की टीम ने झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार कर पटना लाई थी। अदालत में पेश करने से पहले सीबीआई ने सभी आरोपियों की एलएनजेपी अस्पताल में मेडिकल जांच कराई।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने पिछले दिनों रद्द और स्थगित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एनटीए की अधिसूचना में कहा गया है कि जून में आयोजित होनेवाली यूजीसी–नेट परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑनलाईन मोड में होगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा इस महीने की अठारह तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। वहीं, संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा पच्चीस से सत्ताईस जूलाई तक आयोजित होगी। जबकी एनसीईटी परीक्षा दस जुलाई को आयोजित की जायेगी।

———————————————————————————

विधानसभाध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने सदन की तेइस समितियों का गठन किया है। विधानसभा की विज्ञप्ति के अनुसार राजद के भाई वीरेन्द्र को लोक लेखा समिति का सभापति बनाया गया है। भाजपा नेता तारकिशोर प्रसाद को प्राक्कलन समिति, जदयू के अशोक चौधरी को आवास समिति और राजद के तेज प्रताप यादव को गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति का सभापति बनाया गया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून अब पूरे राज्य में सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राज्य के उत्तर, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। इधर, राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछला चौबीस घंटों के दौरान पोठिया में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस के सुमन ने बताया कि एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र राज्य के उत्तर और पूर्वी भागों में बना हुआ है। जिसके प्रभाव से पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर अगले कुछ दिनों तक मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान है।

———मौसम———

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़कनी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से दो बच्चियों की मौत हो गई। जबकी एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार घटना के समय ये सभी कोचिंग से लौट रही थी और बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ी थी।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले एक से दो घंटों के दौरान लखीसराय और जमुई जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन, वज्रपात के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो रही है। बारिश के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं, कई मुहल्लों में जल जमाव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————————

नेपाल के तराई वाले भागों में भारी बारिश और राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा उत्तर–पूर्व भागों में हो रही बारिश के कारण कई नदियों की जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अररिया जिले में परमान नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। महानन्दा नदी पूर्णियां के ढेंगराघाट में खतरे के निशान के अत्यंत करीब बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ में लाल निशान के पास पहुंच गया है। इधर, कमलाबलान नदी के जलस्तर मधुबनी के झंझारपुर और जयनगर में लगातार बढ़ रहा है। बागमती नदी के जलस्तर में सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और ढेंगब्रिज, मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और दरभंगा के हायाघाट में लगातार बढ़ रहा है।

———————————————————————————

टी–ट्वेंटी किक्रेट वर्ल्ड कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच बारबेडास में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जायेगा। भारत ने सेमी फाइनल में इंगलैंड को जबकी दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हरा कर फाइनल में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार किसी आईसीसी किक्रेट विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।

———————————————————————————

रोहतास जिले में जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सार्थी जागरूकता रथ को रवाना किया गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट कार्य के लिए इस वर्ष की रैंकिंग में देश में सातवां स्थान मिला है।

———————————————————————————————

भागलपुर के रेशम भवन में खादी मेला लगाया गया है। बिहार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सात जुलाई तक आयोजित मेले में भागलपुर, नवगछिया और आसपास के बुनकरों के बनाये खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज और पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने उनसठ लीटर देशी शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

कटिहार जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत सोनैली बाजार की रहने वाली आशना बंका ने इसरो की परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त किया है। आशना की इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

———————————————————————————————

01. जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिया गया फैसला।

02. पटना की सीबीआई विशेष अदालत ने नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामलें में तीन आरोपियों को पाँच दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने की अनुमति दी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाहन ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मन की बात की ये पहली कड़ी होगी।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। किशनगंज, अररिया और सुपौल समेत कई स्थानों पर हो रही है बारिश।

———————————————————————————————

समाप्त